रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 9] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 27, 1965 (फाल्गुन 8, 1886)

No. 9] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 27, 1965 (PHALGUNA 8, 1886)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस

NOTICE

नीचे लिखा भारत के असाधारण राजपत्र 11 सितम्बर 1964 तक प्रकाशित किया गया था :—

The under mentioned *Gazette of India Extraordinary* was published up to the 11th September, 1964:—

अंक Issue No.	संख्या और तारीख No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
	शून्य Nil		

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्र की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्र के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिए।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

भाग I—खण्ड 2

PART I—SECTION 2

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली-4, दिनांक 18 फरवरी 1965

सं० एफ० 429-प्रशासन/61—श्री का० र० दामले ने दिनांक 18 फरवरी 1965 के अपराह्न से राष्ट्रपति के सचिव के पद के कार्यभार को छोड़ दिया है।

राष्ट्रपति जी, दिनांक 18 फरवरी 1965 के अपराह्न से श्री वाई० डी० गुण्डेविया को राष्ट्रपति के सचिव के पद पर नियुक्त करते है।

ए० व० हॉपक्रॉफ्ट, अवर सचिव

नई दिल्ली-4, दिनांक 20 फरवरी 1965

सं० एफ० 142–प्रशा०/61 खण्ड 2—राष्ट्रपति के सचिव, एतत् द्वारा 18 जनवरी, 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश पर्यन्त राष्ट्रपति सचिवालय मे श्री ए० व० हापक्राफ्ट के स्थान मे स्थायी सहायक श्री अयोध्या दास नाग को इस सचिवालय में स्थानापन्न अनुभाग, अधिकारी के पद पर नियुक्त करते हैं।

ए० व० हॉपक्रॉफ्ट, अवर सचिव
कृते राष्ट्रपति का सचिव

मंत्रिमंडल सचिवालय

संस्थापकी विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 15 फरवरी 1965

सं० 2/14/64 सिब्बंदी-II—सचिव, योजना आयोग, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण निदेशालय के मद्रास (उत्तरी) खण्ड के सहायक अधीक्षक श्री के० सेतुरमण को श्री आर० शेषाद्रि के छुट्टी पर जाने से उनके स्थान पर दिनांक 1 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से एतत्द्वारा मद्रास (दक्षिणी) खण्ड में स्थानापन्न अधीक्षक नियुक्त करते है।

सं० 2/14/64-सिब्बंदी-II—सचिव, योजना आयोग, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण निदेशालय के आसाम ब्लाक (खण्ड) के स्थायी सहायक अधीक्षक श्री एस० एन० पाठक को दिनांक 16 जनवरी 1965 के पूर्वाह्न मे श्री एम० एल शुक्ल के छुट्टी पर जाने से उनके स्थान पर आसाम खण्ड में स्थानापन्न अधीक्षक नियुक्त करते है।

ए० एम० मीरचन्दानी, अवर सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली-1, दिनाक 16 फरवरी 1965

सं० एफ० 6 (176)/1-प्रशासन-1—श्री त्रिभुवन नारायण सिंह ने 25 जुलाई 1964 (पूर्वाह्न) से योजना आयोग के सदस्य का कार्यभार छोड़ दिया ।

एम० बट्ट, संयुक्त सचिव

योजना कार्य समिति

नई दिल्ली, दिनांक 18 फरवरी 1965

सं० यो० का० स०/प्रशासन 1(1)/64—राष्ट्रपति श्री पी० एस० गुप्ता प्रबन्ध विश्लेषक (प्रवर अनुसंधान अधिकारी के ग्रेड मे) योजना कार्य समिति को, प्रथम जुलाई 1964 से अगले आदेश दिए जाने तक, उसी समिति मे, अस्थायी रूप में प्रबंध विश्लेषक (सहायक मुख्य के ग्रेड मे) नियुक्त करते है ।

सं० यो० का० स०/प्रशासन/1(4)/64—राष्ट्रपति श्री ए० पी० सक्सेना प्रबन्ध विश्लेषक (प्रवर अनुसंधान अधिकारी के ग्रेड मे) योजना कार्य समिति को, प्रथम जुलाई 1964 से अगले आदेश दिए जाने तक, उसी समिति मे अस्थायी रूप मे प्रबन्ध विश्लेषक (सहायक, मुख्य के ग्रेड में) नियुक्त करते है ।

ए० एम० के० स्वामि, अवर सचिव

विधि मंत्रालय

(विधायी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 10 फरवरी 1965

सं० फा० 12 (16)/63-प्रशा० 1 (वि० वि०)—राष्ट्रपति ने श्री एन० एस० वैद्यनाथन को 21 जनवरी 1965 से 12 फरवरी 1965 तक की अपर कालावधि के लिए विधि मंत्रालय के विधायी विभाग में भारत सरकार के कार्यवाहक उपप्रारूपकार के रूप मे नियुक्त किया है ।

सं० फा० 12 (16)/63-प्रशा० 1 (वि० वि०)—राष्ट्रपति ने विधि मंत्रालय के विधायी विभाग में स्थायी अधीक्षक (टैक्निकल) श्री एस० रमय्या को 21 जनवरी 1965 से 12 फरवरी 1965 तक की अपर कालावधि के लिए उस विभाग मे भारत सरकार के कार्यवाहक सहायक प्रारूपकार के रूप में नियुक्त किया है ।

वी० एन० भाटिया, संयुक्त सचिव

भारत निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 11 फरवरी 1965

सं० 11/16/51-जी०—श्री के० वी० विश्वानाथन ने 30 जनवरी 1965 को अपराह्न में अनुभाग अधिकारी, भारत निर्वाचन आयोग का कार्यभार छोड़ दिया ।

प्रकाश नारायण, सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-11, दिनांक 15 फरवरी 1965

सं० 10/4/64-जूडीशियल-I—संविधान के अनुच्छेद 223 द्वारा दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति जी केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति श्री थे० कु० जोसेफ को न्यायाधिपति श्री म० स० मेनन के स्थान पर उनकी छुट्टी के कारण अनुपस्थिति के दौरान 2 मार्च 1965 से उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति का कार्य करने के लिए नियुक्त करते है ।

सं० 18/6/65-जूडीशियल-I—राष्ट्रपति जी भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायाधिपति श्री मुहम्मद हिदायतुल्लाह को सहर्ष 15 फरवरी से 20 फरवरी 1965 तक पूरे भत्तों पर छः दिन की छुट्टी प्रदान करते है ।

दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० 18/7/65-जूडीशियल-I—राष्ट्रपति जी ने भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायाधिपति श्री के० ना० वांचू को सहर्ष 1 फरवरी से 5 फरवरी 1965 तक पांच दिन की छुट्टी पूरे भत्तों पर प्रदान कर दी है ।

छुट्टी से वापस लौटने पर न्यायाधिपति श्री के० ना० वांचू ने 6 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से भारत के उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश के पद का कार्यभार पुनः सम्भाल लिया ।

दिनाक 17 फरवरी 1965

सं० 12/23/64-जूडीशियल-I—राष्ट्रपति जी सहर्ष भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायाधिपति श्री अ० कु० सरकार को पूरे भत्तों पर 13 फरवरी 1965 से 5 मार्च 1965 तक 21 दिन की छुट्टी और आगे प्रदान करते है ।

पी० के० दवे, संयुक्त सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 17 फरवरी 1965

स० 10/1/64-सी० एस० (ए०)-भाग-3—राष्ट्रपति जी औद्योगिक प्रबंध समुच्चय के ग्रेड IV के स्थाई अधिकारी श्री बज़ले करीम को उस समुच्चय के ग्रेड III (रु० 2000–125–2250) मे दिनाक 18-9-1964 से आगामी आदेश जारी होने तक स्थानापन्न रूप मे नियुक्त करते है ।

सं० 10/1/64–सी० एस० (ए०)-भाग 3—राष्ट्रपति जी औद्योगिक प्रबंध-समुच्चय के ग्रेड VI के स्थाई अधिकारी श्री एन० पी० घूसिया को उस समुच्चय के ग्रेड V (रु० 1300–60–1600) में दिनांक 2-1-1965 से आगामी आदेश जारी होने तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते है ।

के० त्यागराजन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 17 फरवरी 1965

सं० 60/57/64-Ad-I(A)—राष्ट्रपति केन्द्रीय सचिवालय सेवा की गृह मंत्रालय सूची के स्थाई सहायक श्री के० सी० बब्बर को उनका नाम सहायक अधीक्षकों की पांचवीं (आर० टी० ई०) में सम्मिलित किये जाने पर 6 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से उसी केडर के नियमानुसार स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी नियुक्त करते है ।

राष्ट्रपति, श्री बब्बर को उसी दिनांक से ही गृह मंत्रालय (खास) मे अनुभाग अधिकारी नियुक्त करते है ।

दिनांक 19 फरवरी 1965

सं० 10/11/64-एडी०-I (अ)—राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के अस्थायी प्रवर अन्वेषक श्री रविन्दर चन्द्र को 18 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से और 3 मास के लिए उसी मंत्रालय में गवेषणाधिकारी के पद पर वेतन-मान रु० 400–400–450–30–600–35–670–ई०बी०–35–950 में स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते है ।

दिनांक 20 फरवरी 1965

संख्या 4/3/65–एडी० I (अ)—राष्ट्रपति गृह मंत्रालय के अनुभाग अधिकारी श्री टी० एन० एम० पिल्ले को गृह मंत्रालय में परिपृच्छा आयोग के सचिव पद पर 6 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश जारी होने तक नियुक्त करते है ।

जी० डी० गुप्ता, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 17 फरवरी 1965

स० 4(17) ई० ओ०/64—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के शिक्षा मत्रालय संवर्ग के स्थाई अनुभाग अधिकारी श्री एस० एन० दत्त को उस सेवा के ग्रेड I (एक) में दिनांक 9 जनवरी, 1965 से 16 जनवरी, 1965 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते है ।

सं० 20(14) ई० ओ०/64—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा ग्रेड I (एक) के स्थायी अधिकारी श्री एम० एच० जिजानी (सिंचाई तथा विद्युत मंत्रालय) को उस सेवा के सलैक्शन ग्रेड में दिनाक 1 फरवरी, 1965 से 59 दिन के लिये स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 12(2) ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड I (एक) के स्थाई अधिकारी श्री एस० आर० गुरुस्वामी को उस सेवा के सिलैक्शन ग्रेड में दिनांक 20 नवम्बर, 1964 से एक वर्ष के लिये स्थानापन्न रूप से रक्षा मंत्रालय में नियुक्त करते हैं।

सं० 18(8) ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के गृह मत्रालय संवर्ग के स्थाई अनुभाग अधिकारी श्री पी० सी० तिवारी को उस सेवा के ग्रेड I (एक) में 42 दिन के लिये दिनांक 18 जनवरी, 1965 से स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 18(9) ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के वित्त मंत्रालय (अर्थ-विषय-विभाग) संवर्ग के स्थाई अनुभाग अधिकारी श्री सी० जे० लालवानी को उस सेवा के ग्रेड I (एक) में दिनांक 7 फरवरी, 1965 से 30 अप्रैल, 1965 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 20(1) ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सिंचाई व विद्युत मंत्रालय संवर्ग के स्थाई अनुभाग अधिकारी श्री एन० एन० कृष्णन को उस सेवा के ग्रेड I (एक) में 59 दिन के लिये दिनाक 1 फरवरी 1965 से स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

टी० यू० विजयसेखरन, उप सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 18 फरवरी 1965

सं० 8/3/64-ए० आई० एस० (I)—आई० पी० एस० (रिक्रूटमेंट) रूल्स, 1954 के नियम 6 के अन्तर्गत राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को, जो 1963 की प्रतियोगी परीक्षा में सफल रहे, उनके नामों के सामने दी गई तारीखों से भारतीय पुलिस सेवा में परिवीक्षा पर सहर्ष अधिकारी नियुक्त करते हैं।

इन परिवीक्षाधीन अधिकारियों का विभिन्न राज्यों में आवन्टन बाद में अधिसूचित किया जाएगा।

क्रम संख्या	नाम	तिथि	
1.	श्री अशोक भाटिया	28-12-1964	(पूर्वाह्न)
2.	श्री रघुवीर चन्द मेहता	29-12-1964	(,,)
3.	श्री गुरबचन सिंह	30-12-1964	(,,)
4.	श्री प्रकाश सिंह	4-1-1965	(,,)
5.	श्री बानी सिंह	4-1-1965	(,,)
6.	श्री पी० जी० जे० नमपूथिरी	11-1-1965	(,,)
7.	श्री आर० डी० तम्हाने	14-1-1965	(,,)
8.	श्री धर मिश्र	18-1-1965	(,,)
9.	श्री हनूमान प्रसाद	18-1-1965	(,,)
10.	श्री कमलेश राय	20-1-1965	(,,)
11.	श्री सरत कूमर बर्मन	25-1-1965	(,,)

ओ० एस० मारवा, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनाक 20 फरवरी 1965

सं० 14/1/65-डी०एच० (एस०)—श्री वी० के० कपूर, आर०ए०एस० (दिल्ली और हिमाचल प्रदेश), ने 2 फरवरी, 1965 की अपरान्ह में प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी, दिल्ली, के पद का कार्यभार छोड़ दिया और उनकी सेवाएं मणिपुर सरकार को उन्हे मणिपुर में उपमंडल-अधिकारी नियुक्त करने के लिये सौंप दी गई।

अ० वे० वेंकटसुबन, उप सचिव

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 9 फरवरी 1965

सं० 4/65 एक्स० पी० ए०—द हेग-स्थित भारत के राजदूतावास से अवकाश-एवं-स्थानांतरण पर, काबुल-स्थित भारत के राजदूतावास जाते समय, पूर्व सहायक प्रेस सहचारी श्री के० के० कौल को 1-7-62 से 2-8-62 तक 33 दिन का अर्जित अवकाश प्रदान किया गया था।

दिनांक 11 फरवरी 1965

सं० 5-65/एक्स० पी० ए०—अवकाश समाप्ति पर भारतीय विदेश सेवा (ख) के सामान्य संवर्ग के अनुभाग अधिकारी वर्ग में अधिकारी कुमारी के० टी० बलानी ने 14-1-65 को दोपहर-पूर्व से विदेश प्रचार प्रभाग में प्रचार अधिकारी के पद का कार्यभार संभाल लिया और उसी दिन दोपहर-पूर्व से उक्त पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० 6-65/एक्स० पी० ए०—जकार्ता-स्थित भारत के राजदूतावास में स्थानांतरित होने पर श्री एम० सी० जुगरान ने 23 जनवरी 1965 को दोपहर-बाद से विदेश प्रचार प्रभाग की भारतीय सूचना सेवा में उप निदेशक के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

रवीन्द्र टंडन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 10 फरवरी 1965

सं० 130 पी० ए०/65—राष्ट्रपति, भारतीय विदेश सेवा के प्रवर वेतन-क्रम के अधिकारी श्री ए० के० रे को 29 दिसम्बर 1964 से यानी जिस दिन से उन्होंने ढाका-स्थित भारत के डिप्टी हाई कमीशन में कार्यभार संभाला, उक्त सेवा के वर्ग V में कार्य करने के लिए नियुक्त किया जाता है।

सं० 133/पी० ए०/65—राष्ट्रपति, भारतीय विदेश सेवा के प्रवर वेतन-क्रम के अधिकारी श्री ई० गोंसाल्वेज को 19 जनवरी 1965 को दोपहर-बाद से अर्थात् उस दिन से जब उन्होंने लंडन-स्थित भारतीय हाई कमीशन में परामर्शदाता के पद का कार्यभार संभाला था, उक्त सेवा के वर्ग V में कार्य करने के लिए नियुक्त करते हैं।

दिनांक 11 फरवरी 1965

सं० 134/पी० ए०/65—जापान में भारत के पूर्व राजदूत श्री लालजी महरोत्रा को 22 दिसम्बर 1964 से 120 दिन का सेवांत अवकाश दिया गया है।

श्री लालजी महरोत्रा ने 22 दिसम्बर 1964 को दोपहर-पूर्व से जापान में भारतीय राजदूत के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० 135/पी० ए०/65—रंगून-स्थित भारतीय हाई कमीशन में पूर्व प्रथम सचिव श्री गोंसाल्वेज ने 19 जनवरी 1965 को दोपहर-बाद से लंदन-स्थित भारतीय हाई कमीशन में परामर्श-दाता के पद का कार्यभार संभाल लिया।

दिनांक 12 फरवरी 1965

सं० 138/पी० ए०/65—श्रीलंका में भारत के पूर्व हाई कमिश्नर श्री वी० के० कपूर को 21 दिसम्बर 1964 से 4 महीने का गृह-अवकाश औसत वेतन पर दिया गया है।

श्री बी० के० कपूर ने 19 दिसम्बर 1964 को कोलंबो में भारत के हाई कमिश्नर के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

इस मंत्रालय की अधिसूचना सं० 50/पी० ए०/65, दिनांक 16-1-1965 रद्द समझी जाए।

दिनांक 15 फरवरी 1965

स० 140—पी० ए०/65—बेरूत में भारत के राजदूत, श्री एस० सेन को 3 फरवरी 1965 से साथ ही साइप्रस में भी भारत का हाई कमिश्नर नियुक्त किया गया है, वे बेरूत में रहेंगे।

सं० 142 पी० ए०/65—श्री एस० के० बनर्जी द्वारा बोन्न में भारतीय राजदूत के पद का कार्यभार संभाल लेने पर, श्री एम० एम० खुराना ने 15 दिसम्बर 1964 को दोपहर-पूर्व से बोन्न-स्थित भारतीय राजदूतावास में अंतरिम कार्यनायक के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

दिनाक 18 फरवरी 1965

सं० 159/पी०ए०/65—डा० एस० गुप्ता को 2 फरवरी, 1965 को दोपहर-पूर्व से न्यूयार्क में भारत का प्रधान कौंसल नियुक्त किया गया है।

मनोरमा भल्ला, अवर सचिव

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

(प्रधान कार्यालय संस्थापन)

नई दिल्ली, दिनांक 5 फरवरी 1965

सं० 9—राष्ट्रपति, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी सहायक श्री के० एस० यग्नस्वामी को, जो वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) में सहायक के रूप में तैनात थे, 30 नवम्बर 1964 से 3 मार्च 1965 तक वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

2. वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) अधिसूचना सं० 56, प्रधान कार्यालय संस्थापन, दिनांक 7 दिसम्बर 1964 को एतत द्वारा निरस्त किया जाता है।

सं० 10—राष्ट्रपति, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी सहायक श्री बी० मरिया दास को, जो वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) में सहायक के रूप में तनात थे, 3 फरवरी 1965 से 6 मार्च 1965 तक 32 दिन के लिए श्री चरन दास के स्थान पर, जो छुट्टी पर चले गए हैं, स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

(आयकर संस्थापन)

दिनांक 10 फरवरी 1965

सं० 42—श्री पी० के० मेहता, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'ई' रेंज, बम्बई ने 11 जनवरी 1965 के अपराह्न को श्री आर० डी० कौशल, जो छुट्टी पर चले गए हैं, के स्थान पर अपीलीय अहायक आयकर आयुक्त 'बी' रेंज, बम्बई का कार्यभार संभाला।

2. छुट्टी से लौटने पर श्री आर० डी० कौशल ने 29 जनवरी 1965 के पूर्वाह्न से श्री पी० के० मेहता, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त 'ई' रेंज, बम्बई को अतिरिक्त कार्यभार से अवमुक्त करते हुए अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त 'बी' रेंज, बम्बई का कार्य-भार संभाल लिया है।

एम० जी० टामस, अवर सचिव

कम्पनी कार्य तथा बीमा विभाग

नई दिल्ली-1, दिनांक 15 फरवरी 1965

सं० पी० एफ० ए० (27)-सी० एल० ए०—राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक ग्रेड के स्थायी अधिकारी श्री बी० एल० सारस्वत को 1-2-1965 से अगला आदेश मिलने तक वित्त मंत्रालय के कम्पनी कार्य तथा बीमा विभाग में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी नियुक्त किया है।

सं० पी० एफ० जी० (30)-सी० एल० ए०-55—कम्पनी पंजीयक, मद्रास के पद पर नियुक्त होने पर श्री पी० बी० मेनन, कार्य विशेष पदाधिकारी (विधि) ने वित्त मंत्रालय, कम्पनी कार्य तथा बीमा विभाग में 8-2-1965 सायंकाल को अपना कार्यभार छोड़ा।

सं० पी० एफ० आर० (43)-सी० एल० ए०-61—कम्पनी पंजीयक, पंजाब जलंधर के पद पर नियुक्त होने पर श्री आर० एन० बन्सल, कम्पनी लेखाकार ने वित्त मंत्रालय, कम्पनी कार्य तथा बीमा विभाग में 30-1-65 सायंकाल को अपना कार्यभार छोड़ा।

के० सी० चान्द, अवर सचिव

(समन्वय विभाग)

नई दिल्ली, दिनाक 23 जनवरी 1965

सं० पी० एफ० जी०/29/65-ई० ऐण्ड सी०—राष्ट्रपति ने प्रसन्नतापूर्वक उड़ीसा संवर्ग की भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री बी० सी० माथुर को 18 जनवरी, 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश जारी होने तक, वित्त मंत्रालय, के समन्वय विभाग में उपसचिव नियुक्त किया है।

दिनांक 11 फरवरी 1965

स० पी०एफ०जी०/30/65-ई०एण्ड सी०—भारतीय राजस्व सेवा (आय कर) के अधिकारी श्री एस० पी० कृष्णमूर्ति की उद्योग और सम्भरण मंत्रालय (उद्योग विभाग) मे बदली होने पर राष्ट्रपति ने प्रसन्नतापूर्वक उन्हें 1 फरवरी, 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश जारी होने तक वित्त मंत्रालय के समन्वय विभाग म उपसचिव नियुक्त किया है।

एस० सुन्दरेशन, उप सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 11 फरवरी 1965

सं० एफ० 2/3/65-ई० एण्ड सी०—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक पदक्रम के स्थायी अधिकारी श्री एन० रामनाथन ने 16 जनवरी, 1965 के अपरान्ह में वित्त मंत्रालय के समन्वय विभाग के अनुभाग अधिकारी के पद का कार्य-भार छोड़ दिया।

2. राष्ट्रपति ने प्रसन्नतापूर्वक केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक पदक्रम के स्थायी अधिकारी श्री एन० रामनाथन को 18 जनवरी, 1965 के पूर्वाह्न से 28 फरवरी, 1965 तक (दोनों दिन शामिल करते हुये) 42 दिन की अवधि के लिए वित्त मंत्रालय (समन्वय विभाग) में इसी सेवा के अनुभाग अधिकारी पदक्रम का स्थानापन्न अधिकारी नियुक्त किया है।

पूरन चन्द तिवारी, अनुसचिव

(व्यय विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 17 फरवरी 1965

सं० एफ० 4(8)-ई० I(ए)/65—राष्ट्रपति ने प्रसन्नता-पूर्वक वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के सहायक पदक्रम के निम्नलिखित स्थायी अधिकारियों को उनके नाम के आगे लिखी अवधि के लिए अनुभाग अधिकारी पदक्रम का स्थानापन्न अधिकारी नियुक्त किया है :—

क्रम संख्या	नाम	अनुभाग अधिकारी के रूप में नियुक्ति की अवधि
1.	श्री के० एल० घोष	5 फरवरी, 1965 से 7 मार्च, 1965 तक।
2.	श्री एम० एस० मोढी	26 जनवरी, 1965 से 12 फरवरी, 1965 तक।
3.	श्री के० सी० जैन	8 फरवरी, 1965 से 20 मार्च, 1965 तक।
4.	श्री पी० सी० महिन्द्रू	1 फरवरी, 1965 से 6 मार्च, 1965 तक।

क्रम संख्या	नाम	अनुभाग अधिकारी के रूप में नियुक्ति की अवधि
5.	श्री एस० एम० भाटिया	16 फरवरी, 1965 से 18 मार्च 1965 तक ।
6.	श्री आई० डी० आहलूवालिया	2 फरवरी, 1965 से 4 मार्च, 1965 तक ।
7.	श्री परिमल मुखर्जी	16 फरवरी, 1965 से 31 मार्च, 1965 तक ।
8.	श्री एस० के० राय	9 फरवरी, 1965 से 12 मार्च, 1965 तक ।
9.	श्री पी० पी० केशवानी	16 फरवरी, 1965 से 3 अप्रैल, 1965 तक ।
10.	श्री एच० बी० थडानी	16 फरवरी, 1965 से 18 मार्च, 1965 तक ।

सुमित्रा गां० कुलकर्णी, अनु-सचिव

परमाणु ऊर्जा विभाग
राजस्थान परमाणु विद्युत प्रायोजना

बम्बई-1, दिनांक 12 फरवरी 1965

सं० 4(46)/65-प्रशासन/4064—राजस्थान परमाणु विद्युत प्रायोजना के प्रायोजना प्रशासक ने रक्षा लेखा विभाग के सहायक लेखा अधिकारी, श्री एम० एल० मलिक को राजस्थान परमाणु विद्युत प्रायोजना में 9 जनवरी, 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से लेखा अधिकारी नियुक्त करने हैं।

डी० सी० चौपड़ा प्रशासन अधिकारी कृते प्रयोजना प्रशासक

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 फरवरी 1965

सं० 16[ई०-2 (जी०) (सी०-9)ई०-1]—वाणिज्य मंत्रालय (वाणिज्यिक प्रचार) के सहायक निदेशक श्री सी० एल० ग्रोवर ने 27 जनवरी, 1965 के पूर्वाह्न से अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया है।

2. वाणिज्य मन्त्रालय (वाणिज्यिक प्रचार) के सहायक निदेशक श्री सी० एल० ग्रोवर को राष्ट्रपति, 27 जनवरी, 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक उसी मन्त्रालय में स्थानापन्न उप-निदेशक (वाणिज्यिक प्रचार) के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० 17 [ई०-1 (जी०) (आर०-76)/65]—राष्ट्रपति, श्री आर० डी० प्रधान, आई० ए० एस० को कोई अन्य आदेश जारी होने तक 25 जनवरी, 1965 के पूर्वाह्न से वाणिज्य मंत्रालय में उपसचिव के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

दिनांक 18 फरवरी 1965

सं० 18 [ई०2 (जी०)-(जे०-23)/ई०1]—केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग 4 के एक स्थायी अधिकारी श्री जे० एन० शर्मा को राष्ट्रपति, 2 फरवरी 1965 से 31 मई 1965 तक की अवधि के लिए वाणिज्य मंत्रालय में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 19(10/15/62-ई० 1)—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी वर्ग के एक स्थायी अधिकारी तथा आयात तथा निर्यात के कार्यालय, नई दिल्ली में नियंत्रक श्री श्रीराम मिनोचा ने 14 जनवरी 1965 के पूर्वाह्न से अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया है।

2. केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी वर्ग के एक स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री श्रीराम मिनोचा को, राष्ट्रपति, मुख्य नियंत्रक, आयात तथा निर्यात के कार्यालय, नई दिल्ली में 14 जनवरी 1965 के पूर्वाह्न से 29 मार्च 1965 तक के लिए आयात तथा निर्यात के स्थानापन्न उप-मुख्य नियंत्रक (के० स० मे०) के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 20[ई०-2 (जी०) (आर०-11)ई०-1]—केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग 4 के एक स्थायी अधिकारी तथा वाणिज्य मंत्रालय में सहायक श्री आर० डी० महेन्द्रू को राष्ट्रपति, 2 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से 31 मई 1965 तक की अवधि के लिए उसी मंत्रालय में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

दिनांक 20 फरवरी 1965

सं० 21 [व्य०-2(जी) (आर-12)-व्य०-1]—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के वर्ग 4 के एक स्थायी अधिकारी श्री आर० एम० कौल को, राष्ट्रपति, 2 फरवरी 1965 से 31 मई, 1965 तक की अवधि के लिए वाणिज्य मन्त्रालय में स्थानापन्न अनुभागाधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 22[ई०2(जी) (एल-5)-ई-1]—केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग 4 के स्थायी अधिकारी श्री एल० सी० शर्मा को राष्ट्रपति 2 फरवरी 1965 से 31 मई 1965 तक की अवधि के लिए वाणिज्य मंत्रालय में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 23(10/132/59-ई० 1)—केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग 4 के स्थायी अधिकारी तथा वाणिज्य मंत्रालय में सहायक श्री बी० जे० हांडा को राष्ट्रपति 2 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से 31 मई 1965 तक की अवधि के लिए उसी मंत्रालय में अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 24 [ई० 1(जी०) (एस०-101)/64]—केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग 4 के स्थायी अधिकारी श्री एस० पी० सिंह को राष्ट्रपति 25 जनवरी 1965 से 26 फरवरी 1965 तक की अवधि के लिये वाणिज्य मंत्रालय में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 25[ई० आई० (जी) (ए०52)/64]—केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग 4 के स्थायी अधिकारी श्री ए० एन० शिंगले को राष्ट्रपति 2 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से 31 मई 1965 तक की अवधि के लिए वाणिज्य मंत्रालय में स्थानापन्न अनभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 26[ई० 1(जी०) (टी–8)ई०1]—केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग 4 के स्थायी अधिकारी श्री टी० एन० मित्तल को राष्ट्रपति 2 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से 31 मई 1965 तक की अवधि के लिए वाणिज्य मंत्रालय में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 27 [ई० आई० (जी०) (एम-52)/65]—केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग 4 के स्थायी अधिकारी श्री एम० एन० गांधी को राष्ट्रपति 2 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से 31 मई 1965 तक की अवधि के लिए वाणिज्य मंत्रालय में अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

के० कृ० सचदेव, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० 45 (5)-वाणिज्य (सामान्य)/65—वाणिज्यिक आसूचना तथा सांख्यिकी, कलकत्ता के उप-महानिदेशक श्री पी० सी० कुरियन ने 25 जनवरी 1965 के पूर्वाह्न से महानिदेशक, वाणिज्यिक आसूचना तथा सांख्यिकी के पद का अतिरिक्त कार्यभार छोड़ दिया है।

2. भारतीय सांख्यिकी सेवा वर्ग 1 के अधिकारी श्री एस० पी० जैन को राष्ट्रपति, 25 जनवरी 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक कलकत्ता में वाणिज्यिक आसूचना तथा सांख्यिकी महानिदेशक के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

एम० एल० गुप्ता, अवर सचिव

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 6 फरवरी 1965

सं० 3(21)/64-एडिम०—राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग ग्रेड के स्थायी अफसर श्री पी० पी० गुप्ता को, जो इस सेवा के प्रथम ग्रेड में स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे हैं, 16 जनवरी, 1965 से लेकर 31 मार्च 1965 तक (दोनों दिन शामिल) 75 दिन की अवधि के लिए पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में अवर सचिव के तौर पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया ।

पी० बी० वी० शर्मा, अवर सचिव

इस्पात और खान मंत्रालय

(खान तथा धातु विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1965

सं० 21/112/63-एम-6-(Vol II)—राष्ट्रपति ने नीचे लिखे अभ्यर्थियों को उनके नाम के सामने दी हुई तिथि से आगामी आदेश तक भारतीय भौमिकी विभाग में अस्थायी रूप से भौमिकी विज्ञ (अवर) (जियालाजिस्ट जूनियर) नियुक्त किया है —

अधिकारी का नाम	भौमिकी-विज्ञ (अवर) नियुक्ति-तिथि
1—श्री अरविंद घोष	24-12-64 (पूर्वाह्न)
2—श्री रविंद्र किशोर राय	1-1-65 (पूर्वाह्न)
3—श्री एन० किन्नू	7-1-65 (पूर्वाह्न)
4—श्री समीर कुमार घोष	11-1-65 (पूर्वाह्न)
5—श्री एस० एन० भट्टाचारजी	13-1-65 (पूर्वाह्न)

आ० मो० कुलश्रेष्ठ अवर सचिव

उद्योग तथा सम्भरण मंत्रालय

(उद्योग विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० ई०-1 (जी०) (डी०-18)—राष्ट्रपति श्री दीनानाथ को जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा में ग्रेड 4 में स्थायी अधिकारी हैं, उद्योग विभाग में 27 जनवरी 1965 से 27 फरवरी 1965 तक श्री आर० पी० चोपड़ा जिनकी छुट्टी स्वीकृत हो गई है के स्थान पर सहर्ष स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी नियुक्त करते हैं ।

सं० ई० 1(जी०) (एस०-13)—राष्ट्रपति श्री एस० एस० कृष्णन को जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के ग्रेड में हैं तथा जो हैवी इलेक्ट्रीकल्स कारपोरेशन, रांची में डैप्यूटेशन पर थे, उद्योग विभाग में 27 जनवरी 1965 (दोपहर बाद) अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

सं० ई०-1 (जी०) (एस०-13)—राष्ट्रपति श्री एस० रांजम को जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा में ग्रेड 4 में स्थायी अधिकारी हैं तथा उद्योग विभाग में सहायक हैं, तकनीकी विकास के महानिदेशक के कार्यालय में 20 जनवरी 1965 (दोपहर से पूर्व) श्री पी० बी० सक्सेना के स्थान पर जिनकी छुट्टी स्वीकृत हो गई सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

आर० के० रंगन, अवर सचिव

(सम्भरण तथा तकनीकी विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 12 फरवरी 1965

सं० 29/129/64-सिव्वन्दी—राष्ट्रपति, श्री पी० सी० कपूर को उनके रेलवे मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) से स्थानान्तरण होने पर, 12 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक सम्भरण तथा तकनीकी विकास महानिदेशालय, नई दिल्ली में महानिदेशक के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० 2(6) 64—सिव्वन्दी—स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी श्री पी० डी० कुमार ने, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक के मौलिक पद पर पदावनति होने पर, 2 फरवरी, 1965 के पूर्वाह्न से अनुभाग अधिकारी के पद का कार्य-भार छोड़ दिया ।

दिनांक 17 फरवरी 1965

सं० 29/6/65-सिव्वन्दी—राष्ट्रपति, श्री एन० एल० जोशी को, उनके आर्थिक सलाहकार, उद्योग तथा सम्भरण मंत्रालय, के कार्यालय से स्थानान्तरण होने पर, 12 जनवरी, 1965 के अपराह्न से आगामी आदेश तक, तकनीकी विकास महानिदेशालय में सहायक निदेशक (औद्योगिक आंकड़े) के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

एस० राजारामन, अवर सचिव

स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 17 फरवरी 1965

सं० प० एफ० 3(IV)-10/64-के०स्वा०से०—राष्ट्रपति जी निम्नलिखित चिकित्सा अधिकारियों को उनके नामों के आगे दी गई तिथियों से आगामी आदेशों तक स्थानापन्न रूप से केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के 'घ' वर्ग में (केन्द्रीय पत्तन स्वास्थ्य संगठन के द्वितीय वर्ग के पद) नियुक्त करते हैं ।

अधिकारी का नाम	नियुक्ति तिथि
1. डा० विजय सिंह	23 सितम्बर, 1964 (पूर्वान्ह)
2. डा० पूर्णेन्दु विकास राय	,,
3. डा० सचीन्द्रनाथ सेन	,,
4. डा० नब गोपाल चक्रवर्ती	,,
5. डा० सुबोध चन्द्र सरखेल	25 नवम्बर, 1964 (पूर्वाह्न)
6. डा० परिमल दत्त	23 सितम्बर, 1964 (पूर्वाह्न)
7. डा० जवाहर लाल कोले	,,

पी० वी० हरिहरशंकरन, अवर सचिव

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, दिनांक 18 फरवरी 1965

सं० प० एफ० 13-44/64—स्था० स्वा० शा० 1—दिल्ली राजधानी क्षेत्र के लिए मास्टर प्लान तैयार करने तथा उसको क्रियान्वित करने में उत्तर प्रदेश और पंजाब सरकारों का सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से एक उच्च बोर्ड नियुक्त करने के बारे में स्वास्थ्य मंत्रालय के 31 जुलाई, 1961 के संकल्प संख्या एफ० 10-79/60-स्था० स्वा० शा० के पैरा 3 के स्थान पर निम्नलिखित को स्थानापन्न किया जाय :—

"3. नगर एवं ग्राम आयोजन संगठन, नई दिल्ली के अध्यक्ष इस बोर्ड के पदेन सचिव होंगे ।"

अयोध्या प्रसाद माथुर, अवर सचिव

खाद्य और कृषि मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनाक 15 फरवरी 1965

सं० 5-85/63-डी०-डी०—डेरी टैक्नोलोजीविज्ञ और डेरी टैक्नोलोजी प्रभाग के प्रधान डा० आई० एस० वर्मा, जिन्होंने डेरी विज्ञान कालिज, राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संथान, करनाल के प्रिन्सिपल के पद के अतिरिक्त कार्यभार को छोड़ा (इस मंत्रालय की इसी संख्या दिनांक 18-11-64 वाली अधिसूचना को देखें) के स्थान पर राष्ट्रपति जी, डाक्टर ए० टी० दुदानी, डेरी जीवानु-वैज्ञानिक और राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान, करनाल मे डेरी जीवाणु-विज्ञान प्रभाग के प्रधान को डेरी विज्ञान कालिज के प्रिन्सिपल और उसी संस्थान मे डेरी शिक्षा तथा प्रशिक्षण प्रभाग के प्रधान के पद के अतिरिक्त कार्यभार को 4 दिसम्बर 1964 पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक सम्भालने की अनुमति देते है ।

एन० रंगानाथन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० 15-7/65(ए०ई०)—राष्ट्रपति जी, डाक्टर एल० बी० सिंह उप-निदेशक, उद्यान, उत्तर प्रदेश, को 9 फरवरी, 1965 (पूर्वाह्न) से खाद्य और कृषि मन्त्रालय (कृषि विभाग) के विस्तार निदेशालय में संयुक्त प्रायोजना निदेशक के पद पर स्थायी रूप मे नियुक्त करते हैं ।

सन्तोख सिंह, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० एफ० 2–10/65–सिब्बन्दी—I श्री आई० डी० खन्ना जोकि केन्द्रीय सचिवालय सेवा के प्रथम श्रेणी के एक स्थायी अधिकारी तथा खाद्य और कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) में स्थानापन्न उप-सचिव है, की सेवायें 6 फरवरी, 1965 के अपराह्न से आगामी आदेशों तक भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली को सौपी जाती है ।

आई० जे० ब्रोटन, उप-सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 17 फरवरी 1965

सं० 21-16/64—संस्थान–I—राष्ट्रपति जी डा० एस० ई० राय को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में 26 दिसम्बर, 1964 के पूर्वाह्न से अगले आदेश दिये जाने तक कृषि इंजीनियरिंग प्रभाग के प्रधान के रूप मे श्री सी० एस० श्रीधरन के स्थान पर अस्थायी तौर पर नियुक्त करते है ।

दिनांक 20 फरवरी 1965

सं० 6-11/64—संस्थान–I—डा० एस० पी० राय चौधरी, प्रोफेसर प्लांट पेथोलाजी, पोस्ट ग्रेजुएट स्कूल, भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान को राकफेलर फाउन्डेशन पंचाट के अर्न्तगत 6 जुलाई, 1964 (अपराह्न) से प्रशिणार्थ संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया ।

प्रतिनियुक्ति से लौटने पर डा० एस० राय० चौधरी ने 21 दिसम्बर, 1964 पूर्वाह्न से उसी संस्थान में प्लाट पेथोलाजो के प्रोफेसर के पद का कार्यभार सम्भाला ।

आर० एम० एल० वैश्य, अवर सचिव

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्

नयी दिल्ली, दिनांक 17 फरवरी 1965

सं० 1-2/64-ई० 1—कृषि विभाग से बदली होने पर श्री ईश्वर दास खन्ना जो कि केन्द्रिय सचिवालय सेवा के प्रथम ग्रेड के स्थायी अधिकारी है, और इस समय उपरोक्त सेवा के सलैक्शन ग्रेड में स्थानापन्न कार्य कर रहे हैं, को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के सचिव तथा पदेन उपसचिव, भारत सरकार के पद पर 6 फरवरी 1965 (अपराह्न) से, अगले आदेश होने तक नियुक्त किया गया है ।

एन० एल० गुप्ता, अवर सचिव

(खाद्य विभाग)

नई दिल्ली-1, दिनांक 18 फरवरी 1965

स० 1-5/64-शर्करा—वित्त मत्रालय अर्थ विभाग से स्थानांतरण होने पर राष्ट्रपति श्री श्याम सुन्दर कोआ को जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा के एक अधिकारी है, शर्करा व वनस्पति निदेशालय मे विशेष कार्य अधिकारी के अस्थायी पद पर, 1 फरवरी, 1965 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए नियुक्त करते है ।

प्रताप सिंह, अवर सचिव

शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनाक 9 फरवरी 1965

सं० एफ०-9-18/64-सी०-3—राष्ट्रपति, अब से राष्ट्रीय नव कला वीथी के संग्रहाध्यक्ष के पद को राष्ट्रीय नव कला वीथी के निदेशक के पद नाम से सहर्ष नामित करते है और श्री पी० के० दास गुप्ता, मौजूदा संग्रहाध्यक्ष को उस पर नियुक्त करते है ।

जी० वैथक्कन, सहायक शिक्षा सलाहकार

नयी दिल्ली, दिनांक 11 फरवरी 1965

सं० 4/5/65 सिब्बन्दी-I—राष्ट्रपति शिक्षा मंत्रालय के स्थायी सहायक श्री जी० एस० धीर को पहली फरवरी, 1965 से 12 मार्च, 1965 तक की अवधि के लिए उसी मंत्रालय मे स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी सहर्ष नियुक्त करते है ।

ब्रह्मानन्द भारद्वाज, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनाक 12 फरवरी 1965

सं० एफ० 23-4/64-टी० I—मध्य प्रदेश सरकार से एक वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर, राजकीय एस० वी० पालीटेक्निक, भोपाल, के प्रिंसिपल श्री एम० के० दास को, राष्ट्रपति 11 जनवरी, 1965 (मध्याह्न पूर्व) से, शिक्षण प्रशिक्षण के लिए क्षेत्रीय संस्थान, यादवपुर के अस्थायी प्रिंसिपल के पद पर सहर्ष नियुक्त करते है ।

जी० एन० वासवानी, सहायक शिक्षा सलाहकार

नागर विमानन मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 फरवरी 1965

स० 5-वी० ई० (29)/64—राष्ट्रपति ने वैमानिक निरीक्षण, बम्बई के नियंत्रक के कार्यालय के स्थायी प्रवर वायुयान निरीक्षक, श्री वी० एन० कपूर को 15 जनवरी 1965 से अगले आदेशों तक, नागर विमानन के महानिदेशक के कार्यालय, नई दिल्ली में स्थानापन्न रूप से दुर्घटना-निरीक्षक नियुक्त किया है ।

सं० 5-वी० ई० (30)/64—राष्ट्रपति ने नागर विमानन के महानिदेशक के कार्यालय, नई दिल्ली के दुर्घटना-निरीक्षक श्री जे० दयाराम को 21 जनवरी 1965 से अगले आदेशो तक स्थानापन्न रूप से वैमानिक निरीक्षण, दक्षिणी भाग, नागर विमानन विभाग, बंगलौर का नियंत्रक नियुक्त किया है ।

सुरेन्द्र नाथ कौल, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 15 फरवरी 1965

सं० 1-एम० (38)/61-पार्ट—भारत मौसम-विज्ञान विभाग में मौसम विज्ञानविद् ग्रेड-II के रूप में स्थानापन्न नियुक्ति समाप्त होने पर, श्री डी० के० सरकार 19 दिसम्बर 1964 के अपराह्न से कलकत्ता के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक के कार्यालय में सहायक मौसम विज्ञानविद् के पद पर वापस आ गए ।

पी० एन० वासुदेवन, अवर सचिव

संचार विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० 4-ई(20)/64—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी पदक्रम के एक स्थायी अधिकारी श्री सी० एस० स्वामीनाथन, जिन्हें स्थानापन्न रूप से 23-11-64 से 6-2-65 तक डाक और तार सेवा चुनाव मंडल का सचिव नियुक्त किया गया था 6 फरवरी, 1965 के अपराह्न से, डाक और तार महानिदेशालय में अनुभाग अधिकारी के रूप में प्रत्यावर्तित हो गये हैं ।

सं० 4-ई(56)/64—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के प्रथम पदक्रम में स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे, एक स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एन० स्वामीनाथन को 4 जनवरी, 1965 से 75 दिन के लिए डाक और तार महानिदेशालय में सहायक महानिदेशक के रूप में तैनात किया गया है ।

दिनांक 18 फरवरी 1965

सं० 4-ई० (9)/65—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी पदक्रम के एक स्थायी अधिकारी, और उक्त सेवा के प्रथम पदक्रम में स्थानापन्न रूप से नियुक्त श्री आर० एस० सक्सेना को, 18 जनवरी, 1965 (पूर्वाह्न) से 88 दिन के लिये डाक और तार महानिदेशालय में, सहायक महानिदेशक के रूप में तैनात किया गया है ।

दिनांक 19 फरवरी 1965

सं० 4-ई० (6)/64—स्थायी सहायक तथा डाक और तार निदेशालय में क्रमशः 7 अक्तूबर, 1964 और 12 नवम्बर, 1964 से अनुभाग अधिकारी के रूप में स्थानापन्न रूप से नियुक्त सर्वश्री एस० के० चतुर्वेदी और एम० टी० सेठी क्रमशः 1 जनवरी, 1965 (पूर्वाह्न) और 1 दिसम्बर, 1964 (पूर्वाह्न) से, सहायक के रूप में प्रत्यावर्तित हो गये हैं ।

सुमेर चन्द जैन, अवर सचिव

परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

व्यापारिक नौपरिवहन

नई दिल्ली, दिनांक 15 फरवरी 1965

सं० 10-एम० ए० (12)/64—राष्ट्रपति, 12 जनवरी 1965 के पूर्वाह्न से आगे आदेश न होने तक श्री ए० के० सिंह को नौपरिवहन महानिदेशालय, बम्बई में अस्थायी तौर से नौसवक्षक नियुक्त करते हैं ।

गोपाल लाल मलहोत्रा, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० 2-एम० ए० (8)/64—परिवहन मंत्रालय के सचिव इसके द्वारा श्री एम० एन० अंजारिया को जल परिवहन विभाग, बम्बई, में 22 जनवरी 1965 के अपराह्न से अगले आदेश न होने तक अस्थायी तौर पर रेडियो निरीक्षक नियुक्त करते हैं ।

गोपाल लाल मलहोत्रा, कृते सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० ई०-12 (1)/65—राष्ट्रपति ने 1 फरवरी 1965 से अगला आदेश न होने तक केन्द्रीय जल और विद्युत् आयोग के सचिव श्री केहर सिंह को परिवहन मंत्रालय (परिवहन पक्ष) के अन्तर्देशी जल परिवहन निदेशालय में मुख्य इंजीनियर (निदेशक) के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया है ।

दिनांक 19 फरवरी 1965

सं० ई०1(67)/62—राष्ट्रपति 8 फरवरी, 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश न होने तक अवर इंजीनियर ओखा पत्तन, श्री बंगलोर चौडेआह, को परिवहन मंत्रालय (परिवहन पक्ष) में अस्थायी तौर पर, डिजाइन के अवर उप निदेशक नियुक्त करते है ।

राम किशोर, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 19 फरवरी 1965

सं० 34-एम० डी० (9)/64—राष्ट्रपति, समुद्री-भाडा आयोग के अध्यक्ष श्री वाई० एन० सुकथंकर को 1 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश न होने तक भारतीय नौवहन कंपनियों के निदेशकों के बोर्ड, बम्बई में सरकारी निदेशक नियुक्त करते है ।

जूलियन विक्टर दास, अवर सचिव

(सड़क पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 11 फरवरी 1965

सं० ए-1-(70)/64—राष्ट्रपति 7 जनवरी, 1965 के पूर्वाह्न से अगले आदेश न होने तक श्री कांति भूषण सरकार को परिवहन मंत्रालय (सड़क पक्ष) में स्थानापन्न तौर से विभागीय इंजीनियर सलाहकार नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 19 फरवरी 1965

सं० ए-4(3)/65—राष्ट्रपति 2 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश न होने तक, श्री बृज राज स्वरूप माथुर को परिवहन मंत्रालय (सड़क पक्ष) में स्थानापन्न तौर पर आयोजना अधिकारी नियुक्त करते है ।

दिनांक 20 फरवरी 1965

सं० ए-1(7)/62—परिवहन मंत्रालय के विशेष सचिव ने परिवहन मंत्रालय (सड़क पक्ष) के निम्न सूचित अधिकारियों को उसी मंत्रालय में 6 फरवरी, 1965 से अगला आदेश न होने तक स्थानापन्न तौर से सहायक इंजीनियर नियुक्त किया है :—

1. श्री लक्ष्मी चंद पी० बजाज, ड्राफ्ट्स मैन वर्ग (ए) सेलेक्शन ग्रेड ।
2. श्री कृष्ण चंद्र, प्रोजेक्ट कम्प्यूटर (सेलेक्शन ग्रेड) ।

एम० वी० नीलकण्ठ अय्यर, अवर सचिव

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 15 फरवरी 1965

सं० ई० (ओ०) I-65 पी० एम० 6/2—पूर्वोत्तर रेलवे के वाणिज्य विभाग के वरीय वेतनमान अफसर श्री डी० पी० शर्मा को 13 जनवरी 1965 से उस रेलवे पर स्थानापन्न रूप से उस मुख्य परिचालन अधीक्षक के पद पर नियुक्त किया जाता है ।

दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० ई० 64 ए० पी० 4/16/आर० बी० I—दक्षिण-पूर्व रेलवे को स्थानांतरित होने पर श्री पी० एन० माथुर, निदेशक माल डिब्बा उत्पादन, रेलवे बोर्ड ने 31-10-64 से अपना कार्य-भार सौंपा ।

सं० ई० 64 ए० पी० 4/16/आर० बी० I (II)—श्री राजगोपालन, निदेशक यांत्रिक इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड को 31-10-64 से निदेशक, माल डिब्बा उत्पादन, के पद पर नियुक्त किया जाता है ।

सं० ई० 64 ए० पी० 4/16/आर० बी० I (iii)—श्री पी० एस० वेंकटरमन, तकनीकी निदेशक, रेलवे बोर्ड को 31-10-64 से निदेशक, यांत्रिक इंजीनियरिंग के पद पर नियुक्त किया जाता है ।

सं० ई० (ओ०) I-65 पी० एम० 6/6—पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य कार्मिक अफसर श्री टी० एस० पार्थसारथि को 27 जनवरी 1965 के अपराह्न से उसी रेलवे में स्थानापन्न मुख्य वाणिज्य अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया जाता है ।

सं० ई० (ओ०) I-65 पी० एम० 6/6-I—पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के उप जनरल मैनेजर श्री एम० ए० उथप्पा को 27 जनवरी 1965 से उसी रेलवे में स्थानापन्न मुख्य कार्मिक अफसर के रूप में नियुक्त किया जाता है ।

सं० ई० (ओ०) I-65 पी० एम० 6/7—पूर्व रेलवे से स्थानांतरित होने पर श्री ए० के० गुप्त स्थानापन्न परिवहन अधीक्षक (संरक्षा) को 28 जनवरी 1965 से पूर्वोत्तर रेलवे में स्थानापन्न मुख्य परिचालन अधीक्षक नियुक्त किया जाता है ।

सं० ई० (ओ०) I-64 पी० एम० 6/188—पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के जिला वाणिज्य अधीक्षक श्री के० के० राव को 10 दिसम्बर 1964 के अपराह्न से स्थानापन्न रूप से उस रेलवे पर उप मुख्य वाणिज्य अधीक्षक के पद पर नियुक्त किया जाता है ।

दिनांक 17 फरवरी 1965

सं० ई० 65 पी० एम० 2/2/आर बी I—श्री बिहारी लाल, सहायक को 27 जनवरी, 1965 से स्थानापन्न अनुभाग अफसर के रूप में पदोन्नत किया जाता है ।

सं० ई० (ओ०) I-64 पी० एम० 6/201—रेलवे बोर्ड से स्थानान्तरित होने पर उप निदेशक (वित्त) श्री एस० एन० तिवारी को 20 जनवरी, 1965 से पूर्व रेलवे में स्थानापन्न उप मुख्य लेखा अफसर के रूप में नियुक्त किया जाता है ।

दिनांक 19 फरवरी 1965

सं० ई० 64 पी० एम० 2/3/आर० बी० I—श्री वाई० डी० अहूजा, स्थानापन्न अनुभाग अफसर को 30 जनवरी 1965 के अपराह्न से सहायक के रूप में परावर्तित किया जाता है ।

दिनांक 20 फरवरी 1965

सं० ई(ओ) I. 64 पी० एम० 6/129—सिविल इंजीनियरिंग विभाग के निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नाम के सामने दी गयी तारीखों से रेलों पर उप मुख्य इंजीनियर के पद पर स्थायी किया जाता है ।

	रेले, जिन पर स्थायी किया गया			
	अनन्तिम		अन्तिम	
	रेलवे	तारीख	रेलवे	तारीख
श्री टी० कमलेश्वरन	पहले से स्थायी		पूर्वी	5 अक्तूबर, 1963
श्री सय्यद सिराजुद्दीन गेसूदराज	पहले से स्थायी		उत्तर	9 अप्रैल, 1964
श्री एच०के०डी० कपूर	पहले से स्थायी		पूर्वोत्तर सीमा	12 अप्रैल, 1964
श्री एम० जे० पटेल	पूर्वोत्तर सीमा	9 अप्रैल, 1964	पश्चिम	4 जुलाई, 1964
श्री एन० के० हजरा	पश्चिम	12 अप्रैल, 1964		
श्री हरि सिन्हा	दक्षिण	4 जुलाई मई, 1964		

पी० सी० मैथ्यू, सचिव

472GI/64

सिंचाई व बिजली मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 9 फरवरी 1965

सं० 9/65-2 (36)/64-प्र० 2—राष्ट्रपति, सिंचाई व बिजली मंत्रालय (केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग—बिजली स्कन्ध) के केन्द्रीय सचिवालय सेवा केडर के स्थायी सहायक श्री सी० आर० ठाकुर को 23 नवम्बर 1964 के पूर्वाह्न से 47 दिनों की अवधि के लिए केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग (जल स्कन्ध) में सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में, स्थानापन्न क्षमता में अनुभाग अधिकारी के रूप में नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 12 फरवरी 1965

सं० 7/65-(2)/36/64-प्र० 2—इस मंत्रालय की अधिसूचना सं० 51/64-2 (36)/64-प्र० 2 दिनांकित 6 अक्तूबर 1964 के सांतत्य में राष्ट्रपति, केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग (बिजली स्कन्ध) में सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में श्री सी० आर ठाकुर की अनुभाग अधिकारी के रूप में स्थानापन्न नियुक्ति की अवधि को 1 नवम्बर 1964 से 10 नवम्बर 1964 तक 10 दिनों के लिए और बढ़ाते हैं ।

रोशनलाल मोहन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 12 फरवरी 1965

सं० 32/65-एफ० नं० 1/98/63-प्र० 1—राष्ट्रपति, श्री सी० एस० जैन को केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग (जल स्कन्ध) में 1 जून 1964 के पूर्वाह्न से स्थानापन्न क्षमता में सहायक निदेशक/सहायक कार्यकारी अभियन्ता के रूप में, जब तक और आदेश जारी नहीं किए जाते, नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 18 फरवरी 1965

सं० 34/65-एफ० 3/10/63-प्रशासन 1—राष्ट्रपति केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग (जल स्कन्ध) के निम्नलिखित अधिकारियों को, उनके सहायक निदेशक के पद के कार्यभार के छोड़ने पर, उसी संस्था में, उप निदेशक के रूप में, स्थानापन्न क्षमता में, उन के नामों के आगे लिखी तिथियों से, जब तक और आदेश नहीं दिए जाते, नियुक्त करते हैं :—

(1) श्री ए० के० रामरखयानी	16-1-65 (पूर्वाह्न)
(2) श्री बी० एम० ललवानी	21-1-65 (अपराह्न)
(3) श्री के० यू० तीर्थानी	21-1-65 (पूर्वाह्न)
(4) श्री ए० एन० गम्भीर	21-1-65 (पूर्वाह्न)

सं० 37/65-4/84/63-प्रशासन 1—राष्ट्रपति, श्री बी० वेंकटानारायण को केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग (जल स्कन्ध) में निदेशक के पद को छोड़ने पर, उसी संस्था में, 3 फरवरी 1965 से, स्थानापन्न क्षमता में, जब तक और आदेश नहीं दिए जाते, मुख्य इन्जीनियर के रूप में नियुक्त करते हैं ।

पी० एल० गुप्ता, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 15 फरवरी 1965

सं० 65-2 (120)/64-प्रशासन 2—समुदाय विकास तथा सहकारी मंत्रालय से स्थानांतरित होने पर श्री ए० दास, आई० ए० एस० ने सिंचाई व बिजली मंत्रालय में उप सचिव के पद के कार्यभार को 15 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से, जब तक और आदेश नहीं दिए जाते, संभाल लिया है ।

सं० 12/65-2(4)/65-प्रशासन-2—श्री एम० एच० जिन्जानी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के प्रथम ग्रेड अधिकारी ने सिंचाई व बिजली मंत्रालय में अवर सचिव पद का कार्य-भार 1 फरवरी, 1965 के पूर्वाह्न से छोड़ दिया है ।

सं० 13/65-2(4)/65-प्रशासन-2—राष्ट्रपति केन्द्रीय सचिवालय सेवा के प्रथम ग्रेड अधिकारी श्री एम० एच० जिन्जानी को सिंचाई व बिजली मंत्रालय में उप वित्तीय सलाहकार एवं पदेन उप सचिव के रूप में, स्थानापन्न क्षमता में, 59 दिन की अवधि के लिये, 1 फरवरी 1965 (पूर्वाह्न) से, नियुक्त करते हैं।

दिनांक 16 फरवरी 1965

सं० 12/65-2(1)/65-प्रशासन 2—राष्ट्रपति सिंचाई व बिजली मन्त्रालय के सहायक ग्रेड के निम्नलिखित स्थायी अधिकारियों को सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में, स्थानापन्न क्षमता में, अनुभाग अधिकारियों के रूप में, उनके नामों के प्रति दिखाई गई और अवधियों के लिये नियुक्त करते हैं —

क्र० सं०	नाम	अवधि	
		से	तक
1	श्री एस० डी० शर्मा	1-3-65	8-5-65
2	श्री एन० एन० ओबेराय	1-2-65	5-3-65
3	श्री टी० जी० मैनन	7-2-65	26-2-65
4	श्री के० डी० एम० भल्ला	1-2-65	21-4-65
5	श्री उत्तम सिंह	1-2-65	26-2-65
